02 नगरी में जनगणना 2027 की तैयारी तेज कर्मचारियों को ...



04 करोड़ों का जुर्माना भी बेअसर, महानदी में अवैध उत्खनन जारी



विगत 9 वर्षों से संचालित
सिद्धि विनायक बच्चों का अस्पताल
अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी मो. 99813-21524/72230-11528
नवजात शिशु विभाग
◆ आधुनिक एनआईसीयू ◆ पांच कृत्रिम श्वास मशीनें (वेंटिलेटर की सुविधा)
◆ आपके नवजात शिशु की बीमारियों का विशेष देखभाल ◆ सभी टीकाकरण प्रतिदिन
बच्चों का विभाग :: ◆ ऑक्सीजन युक्त जनरल वार्ड ◆ आधुनिक आईसीयू ◆ बच्चों में होने वाली बीमारियों का विशेष देखभाल
"विश्वास के साथ चिकित्सा का वादा"



डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



## खबर संक्षेप

### स्वर्णकार समाज के हेमराज सोनी बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**धमतरी।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा बस्तर संभाग प्रभारी एवं गौ सेवा आयोग धमतरी जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी को छत्तीसगढ़ कन्नौजिया स्वर्णकार समाज में प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। समाज के अध्यक्ष भागवत सोनी एवं सचिव द्वारा यह जिम्मेदारी प्रदान की गई। इस अवसर पर हेमराज सोनी ने समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे स्वर्णकार समाज को संगठित कर प्रदेश में मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजों के कई प्रमुख जन उपस्थित रहे और उन्होंने हेमराज सोनी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### खेल पखवाड़ा : बैडमिंटन में खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**धमतरी।** शहर के व्यवसायी एवं खेल प्रेमी राजेश शर्मा द्वारा खेल पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। इस खेल पखवाड़े में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 18 एवं 19 अप्रैल को बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस प्रतिस्पर्धा को तीन ग्रुप में बांट कर सीनियर ,जूनियर तथा बच्चों के लिए बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन किया गया है।
आयोजक श्री शर्मा ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा सिर्फ प्रतिभागियों को समुचित खेल का मैदान देकर उन्हें तरासने के पश्चात तैयार करने का पवित्र उद्देश्य ही हमारा लक्ष्य है। इस पखवाड़े के संयोजक योगेश रायचुरा ने बताया कि जिस उद्देश्य को लेकर हम सारे लोग एक महीने तक विभिन्न खेलों को आयोजित कर रहे हैं उससे निश्चित ही शहर के खिलाड़ियों के बीच खेल एक नई ऊंचाई तथा दिशा को प्राप्त कर रहा है। वहीं बैडमिंटन इस स्पर्धा के संयोजक तथा राज्य स्तर के खिलाड़ी भावेश रजक ने कहा है कि शहर में बैडमिंटन खेलने की एक विशिष्ट परंपरा पूर्व में रही है इसे ही परिष्कृत करते हुए वर्तमान पूर्व तथा नवोदित खिलाड़ियों को एक मंच देकर खेलों को आगे बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस व परिजनों के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बोरिदखुर्द नयापारा निवासी विरेंद्र नेताम पिता धनेश उम्र 20 वर्ष मजदूरी करता था। युवक गुरुवार की रात्रि अपने खेत में जाकर वहां पर स्थित साजा के पेड़ में साड़ी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शुक्रवार की सुबह युवक को पेड़ पर फंदे में लटके देख रुद्री पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंच पंचानामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। युवक के फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# गर्मी शुरू होते ही गहराया जल संकट, बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गर्मी की शुरुआत के साथ ही जिले के ग्राम भटगांव में पेयजल संकट ने विकराल रूप लेना शुरू कर दिया है। कुओं वाले गांव के रूप में पहचान रखने वाले इस गांव में 1000 से अधिक कुएं होने के बावजूद पीने योग्य पानी का अभाव है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण मोहित देवांगन, गुनु राम साहू , अर्जुन साहू, टुकेश साहू , मोहन सेन, झड़ी राम साहू ने बताया कि गांव की स्थिति यह है कि अधिकांश कुओं का पानी पीने लायक नहीं रह गया है, वहीं कई कुएं सूखने लगे हैं। गांव में मौजूद दो पानी टंकियों में

**1000 से अधिक कुएं, फिर भी प्यासा भटगांव**





से एक पूरी तरह बंद हो चुकी है, जबकि दूसरी से भी सीमित घरों तक ही पानी पहुंच पा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों को एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले तक पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीण के अनुसार, बीते एक महीने से पेयजल संकट लगातार बना हुआ है। पीने के पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है, जबकि निस्तारी के लिए दूसरे गांवों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह से ही कुछ चालू बोर के पास महिलाओं की लंबी कतारें लग रही हैं।

देवबती साहू ने बताया कि माघी पुन्नी मेला के बाद से नल-जल योजना ठप हो गई है। घरों के कुएं भी सूख चुके हैं, जिससे पेयजल ▶▶ शेष पेज 2 पर

## जिला प्रशासन का रील/फोटोग्राफी प्रतियोगिता 17 से 24 अप्रैल तक

# रील और फोटोग्राफी से मिलेगी पर्यटन स्थलों को पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आकर्षक रील्स और फोटोग्राफी के माध्यम से जिले के पर्यटन स्थलों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने रील और फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की है। यह प्रतियोगिता 17 अप्रैल से शुरू हो गई है, जो 24 अप्रैल तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में युवा बढ़चढ़कर भागीदारी कर रहे हैं।

जिले में कई पर्यटन स्थल और मनमोहक स्थानों की कमी नहीं है। कुछ स्थान तो ऐसे हैं, जिनके बारे में लोगों ने सुना ही नहीं है। इन स्थानों को प्रदेश और देश के पर्यटन नक्शे में स्थान दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को जिले के प्रसिद्ध एवं रमणीय स्थलों जैसे गंगरेल बांध, रुद्री, सिहावा क्षेत्र, जंगलों और झरनों की आकर्षक फोटो या रील तैयार कर भेजनी होगी। चयनित फोटो और रील को युवा फेस्ट के आधिकारिक इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म पर साझा किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को भी पहचान मिलेगी। सोशल मीडिया पर जिस प्रतिभागी की फोटो या रील को सबसे अधिक लाइक और कमेंट प्राप्त होंगे, उसे विजेता घोषित किया जाएगा। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।




**वाट्सएप में शेयर करना होगा रील व फोटो**

प्रतिभागियों को अपनी रील व फोटो व्हाट्सएप नंबर +91 6268 520 889 पर भेजनी होंगी। प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से इसमें भाग लेने की अपील की है, ताकि धमतरी की प्राकृतिक धरोहर और पर्यटन संभावनाओं को नई पहचान मिल सके। जिला प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएं न केवल युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देती हैं, बल्कि जिले की सकारात्मक छवि निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह प्रतियोगिता धमतरी की खूबसूरती को डिजिटल माध्यम से वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

# धमतरी बायपास हाईवे पर पशुधन की अनियंत्रित आवाजाही

- सड़क दुर्घटनाओं का कहर, मनुष्य-वन्यजीव दोनों की जान-माल का भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ के धमतरी बायपास हाईवे के संचालन शुरू होते ही पशुधन की आवाजाही ने सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से पशुओं को हटाने के लिए ठेका-आधारित टीम, कैमरे और हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था की गई थी, लेकिन ये सारी सुविधाएं कागजों पर ही सिमटकर रह गई हैं। हेल्पलाइन नंबर या तो काम नहीं करता या शायद ही कभी उठाया जाता है। नतीजा – हर महीने कई गंभीर दुर्घटनाएं, जिनमें मानव जीवन और संपत्ति के साथ-साथ पशुधन व वन्यजीवों की भी मौत हो रही है।

हाईवे पर बिना किसी रोक-टोक के घूमते गाय-बैल, भैंसें और अन्य पशु, वाहनों के सामने आ जाते हैं। रात के समय तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब ड्राइवर को अचानक सामने दिखने पर पशु को बचाने की कोशिश में वाहन अनियंत्रित हो जाता है। पिछले कुछ महीनों में हुई कई दुर्घटनाओं में दर्जनों लोग घायल हुए हैं, कई की मौत हो चुकी है। वाहनों को भारी क्षति पहुंची है। सबसे दर्दनाक बात यह है कि इन दुर्घटनाओं में पशुधन



की भी जान चली जाती है। कई बार वन्यजीव भी हाईवे पार करते समय वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। स्थानीय किसानों के मुताबिक, उनके मवेशी खुली चरागाहों की तलाश में हाईवे पर आ जाते हैं और फिर ट्रैफिक का शिकार बन जाते हैं।

एनएचएआई ने पशुओं की निगरानी के लिए कैमरे लगाए थे और एक ठेका-आधारित टीम को पशु हटाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। लेकिन जमीन पर इनका कोई असर नजर नहीं आता। हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने वाले लोगों का कहना है कि घंटों फोन लगाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिलता। ठेका टीम की गाड़ियां कभी-कभी दिखती हैं, लेकिन पशुओं को हटाने का कोई ठोस प्रयास नहीं होता। निगरानी कैमरे या तो बंद पड़े हैं या फिर उनकी रिकार्डिंग को देखने वाला कोई नहीं है।

स्थानीय निवासियों और प्रभावित परिवारों ▶▶ शेष पेज 2 पर

## हेलमेट वितरण के साथ निकलेगी भव्य जागरूकता रैली

# भामाशाह जयंती पर धमतरी में गूंजेगा सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर युवा प्रकोष्ठ, जिला साहू संघ धमतरी द्वारा शहर में एक भव्य यातायात जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली मंगलवार 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे एस.पी. कार्यालय धमतरी से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए अंबेडकर चौक पर संपन्न होगी। कार्यक्रम के अंतर्गत घड़ी चौक में विशेष रूप से हेलमेट वितरण अभियान चलाया जाएगा।

रैली का मुख्य उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना और सुरक्षित यातायात के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अरुण साहू ने बताया कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिनमें युवा वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं करने के कारण गंभीर चोट और जनहानि की आशंका अधिक रहती है।

श्री साहू ने बताया कि "सुरक्षित चलें, हेलमेट पहनें - जीवन अमूल्य है" संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह रैली निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। रैली के दौरान शहर में संकेतात्मक बाइक रैली के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही घड़ी चौक पर हेलमेट वितरण कर लोगों को सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया जाएगा। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस सामाजिक अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# पंचायत को जानकारी नहीं और छाती की जमीन हो गई उद्योग संचालनालय के नाम

- सरपंच ने आपत्ति कर पटवारी और कोटवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उद्योग संचालनालय को बिना किसी दस्तावेज प्रमाण के जमीन को आबंटित करने पर ग्राम पंचायत छाती ने आपत्ति की है। ग्राम पंचायत छाती के सरपंच दानेश्वरी यादव ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि विकासखंड धमतरी के ग्राम पंचायत छाती की शासकीय जमीन खसरा नंबर 744/1 रकबा



36.6560 को विभिन्न हिस्सों में बांटकर खसरा नंबर 744/37 रकबा 16.1980 हेक्टेयर को पटवारी ने बिना किसी प्रमाणी दस्तावेजों के उद्योग संचालनालय को आबंटित कर दिया है। यह ऑनलाइन छत्तीसगढ़ भू-नक्शा में प्रदर्शित हो रहा है। इससे ग्राम पंचायत छाती एवं ग्रामवासी इस असंवैधानिक कृत्य से बेहद दुखी हैं।

सरपंच दानेश्वरी यादव ने बताया कि गांव की जमीन को विभिन्न आवश्यकताओं के लिए सहेजकर रखी गई है, जिसमें शवदाह के लिए मुक्तिधाम, मृतकों को दफनाने के लिए शमशान घाट, खेल मैदान, पशुओं के लिए चारागाह, गोठान, साप्ताहिक बाजार, उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, सियान जतन के लिए जमीन सुरक्षित रखी गई है। लेकिन कोटवार और पटवारी ने धोखा देकर बिना किसी प्रमाण के किए गए हस्तांतरण के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उचित दण्डनीय कार्रवाई की मांग करते हैं।

## ईंधन संकट से सेवाएं प्रभावित होने का आरोप

# पेट्रोल पंप पर कांग्रेसी पार्षदों ने निगम के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम की कार्यप्रणाली और वित्तीय स्थिति को लेकर कांग्रेसी पार्षदों ने शुक्रवार को शहर के एक पेट्रोल पंप के सामने अनोखा प्रदर्शन किया। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पार्षदों ने निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए और ईंधन के बकाया भुगतान को लेकर सवाल उठाए।

प्रदर्शन के दौरान निगम और महापौर के खिलाफ नारे लिखकर अपनी नाराजगी जाहिर की गई। पार्षदों का आरोप है कि पेट्रोल और



डीजल का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिसके चलते निगम की गाड़ियां प्रभावित हो रही हैं और सफाई, पेयजल व बिजली जैसी मूलभूत सेवाओं पर असर पड़ रहा है।

कांग्रेसी पार्षदों ने कहा कि निगम प्रशासन एक ओर करोड़ों के विकास कार्यों का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर रोजमर्रा की आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं। उनका आरोप है कि पेट्रोल पंप संचालक को भुगतान के लिए लंबे समय से चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे स्थिति चिंताजनक बन गई है।

प्रदर्शनकारियों ने महापौर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि शहर की मूल समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने निगम की आर्थिक स्थिति को कमजोर बताते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन सहित पार्षद योगेश लाल, सुमन मेश्राम, पूर्णिमा रजक और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

हालांकि, निगम प्रशासन की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है, लेकिन मामले ने शहर की राजनीति को गरमा दिया है और आम नागरिकों के बीच भी चर्चा का विषय बन गया है।

# सड़क दुर्घटना : बाइक सवार भाइयों में से एक की मौत दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सामान खरीद कर घर लौट रहे भाईयों की बाइक सड़क पर फिसलकर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया है।

अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार मनीष कुमार यादव पिता संतराम उम्र 14 वर्ष ग्राम आमाडुला थाना डौंडी जिला बालोद निवासी कक्षा 8वीं का छात्र था। गुरुवार को मनीष घर के मोटर सायकल से अपने भाई टीकेश कुमार यादव के साथ सामान खरीदने ग्राम पुरी चारामा गए थे। जहां से सामान की खरीददारी कर दोनों भाई बाइक में सवार होकर वापस अपने घर आमाडुला लौट रहे थे। बाइक टीकेश चला रहा था। इसी दौरान ग्राम पुरी के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए डौंडी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर रुप से घायल मनीष को रिफर कर दिया गया। वहीं ▶▶ शेष पेज 2 पर



- सड़क पर फिसल गई थी बाइक

## खबर संक्षेप

### अक्षय ने सीबीएसई 10वीं में हासिल किये 96.6 प्रतिशत अंक



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा के अक्षय कुमार जैन ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड में 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल के टॉपर बने। अक्षय कुमार जैन देहली पब्लिक स्कूल धमतरी के छात्र है, वे भखारा के प्रसिद्ध व्यवसायी पन्ना लाल जैन के पोते, लक्की और सोनिया जैन के पुत्र एवं लक्ष्य जैन के छोटे भाई है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल, परिवार और समाज में काफी खुशी का माहौल है। स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक गण, एवं परिवारजन ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

## निधन

### गीता कुर्रे



**धमतरी।** ग्राम सिहाद भखारा निवासी गीता कुर्रे का 15 अप्रैल बुधवार को निधन हो गया। वे बसपा नेता प्रेमलाल कुर्रे की पत्नी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में परिवारजन, ग्रामीण, बसपा नेता आशीष रात्रे, आर पी संभाकर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## पेज 3 के शेष

### 1000 कुएं, फिर भी प्यासा भटगांव...

और निस्तारी दोनों के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं पेरीना साहू का कहना है कि हर साल गर्मी में यही स्थिति बनती है, लेकिन इस बार समस्या और अधिक गंभीर होती जा रही है।
गांव में सात तालाब हैं, लेकिन उनमें से केवल तीन में ही निस्तारी योग्य पानी बचा है। भूमिगत जलस्तर में लगातार गिरावट के कारण कुएं और बोर जल्दी सूख जाते हैं। कई हैंडपंप और सोलर सिस्टम भी बंद पड़े हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है। फागू राम ने बताया कि भटगांव को रेड जोन घोषित किया गया है। पेयजल संकट को देखते हुए जिला पंचायत से टैंकर उपलब्ध कराने की मांग की गई है, साथ ही नहर के माध्यम से तालाबों को भरने के लिए जल संसाधन विभाग से भी आग्रह किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो मई-जून में हालात और भयावह हो सकते हैं।

### धमतरी बायपास हाईवे पर पशुधन की ...

में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। एक प्रभावित परिवार के सदस्य ने बताया, "हमारी गाय हाईवे पर कुचली गई। एनएचएआई को सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब सवाल यह है कि क्या ये अधिकारी कभी जागेंगे या फिर ये सारी टीमें बिना जवाबदेही के वेतन लेती रहेंगी?"। विशेषज्ञों का कहना है कि हाईवे के दोनों ओर उचित बाड़बंदी, पशु-अंडरपास और प्रभावी निगरानी की तुरंत जरूरत है। फिलहाल तो सारा सिस्टम कागजी खानापूर्ति का शिकार बना हुआ है। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो धमतरी बायपास हाईवे मानव-वन्यजीव दोनों के लिए मौत का जाल बनता रहेगा।

### सड़क दुर्घटना : बाइक सवार भाईयों में से एक की मौत दूसरा घायल

घायल टीकेश का अस्पताल में उपचार किया गया। घायल मनीष को धमतरी लाकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार के दोपहर घायल की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव को पंचनामा व पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति व साइबर क्राइम रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनर तले नगरी (सिहावा) 18 अप्रैल, शनिवार को दोपहर 3 बजे आत्मानंद स्कूल, नगरी में सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही साइबर क्राइम रोकथाम पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला मुख्य सलाहकार जीवन नाहटा,

अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी ललित साहू, संभागीय सचिव रायपुर गोपी कश्यप, जिला उपाध्यक्ष रूपेश साहू एवं जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र लाहोरिया उपस्थित रहेंगे।

विशिष्ट अतिथियों में जिला संरक्षक टोमनलाल सिन्हा, जिला महासचिव जनकश्याम साहू, ब्लॉक




उपाध्यक्ष रिजवान मेमन, जिला कार्यकारिणी सदस्य विजयलक्ष्मी कश्यप, जिला उपाध्यक्ष कैलाश टांडे, जिला संरक्षक किशन मगेन्द्र, नगरी ब्लॉक सलाहकार उत्तम साहू एवं नगरी ब्लॉक सलाहकार जयलाल प्रजापति शामिल होंगे।

विशेष अतिथि के रूप में धमतरी शहर अध्यक्ष चुनेश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष (कुरुद) श्रवण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष (मगरलोड) धनेंद्र बंटी सिन्हा एवं निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष नगरी धर्मेंद्र यादव भी उपस्थित रहेंगे।

आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया है।

यह कार्यक्रम समाज में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, नशे की प्रवृत्ति तथा साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति में ब्लॉक अध्यक्ष नगरी कुलदीप साहू, ब्लॉक महासचिव नारद साहू, मीडिया प्रभारी नगरी सिहावा राजू पटेल, ब्लॉक उपाध्यक्ष राजू गोस्वामी एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष निक्कू दीवान प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र मंडावी, ब्लॉक कोषाध्यक्ष मिथिलेश पटेल, ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य जय किशन साहू, ब्लॉक सह सचिव प्रवीण साहू, ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य चंद्रभान साहू, ब्लॉक सह सचिव जीवन साहू, ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य भूषण नेताम, ब्लॉक सह सचिव महेंद्र नेताम एवं ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य मनीष यादव मोरजध्वज अशोक पटेल, आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### 1 मई से शुरू होगा हाउस लिस्टिंग चरण, जागरूकता अभियान भी हुआ तेज

# नगरी में जनगणना 2027 की तैयारी तेज कर्मचारियों को मिला डिजिटल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में जनगणना 2027 को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। नगरी क्षेत्र में 1 मई से प्रारंभ होने वाली जनगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशासन द्वारा जन-जागरूकता अभियान भी तेज कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत नगरीय निकाय, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर चौक-चौराहों तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर बैनर, पोस्टर लगाए जा रहे हैं। ऑडियो प्रचार के माध्यम से भी आमजन को जनगणना के महत्व एवं प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत 1 मई से 30 मई तक





मकान सूचीकरण एवं आवास गणना (हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस) का कार्य संचालित किया जाएगा। यह चरण महत्वपूर्ण है, जिसमें प्रत्येक आवासीय एवं गैर-आवासीय भवन की स्थिति, उपयोग, निर्माण की प्रकृति तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसके तहत भवन की संख्या, प्रकार, उपयोग (आवासीय, व्यावसायिक), निर्माण की स्थिति (कच्चा, पक्का, अर्ध-पक्का), परिवारों की संख्या, पेयजल व्यवस्था, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी विवरण संकलित किया जाएगा।

इस संबंध में 14 से 16 अप्रैल तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 146 कर्मचारियों को 6 प्रशिक्षकों के माध्यम से डिजिटल पद्धति से जनगणना कार्य करने की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में द्रोणन साहू, हेमकुमार, ओमप्रकाश, सुरेश कुमार, खिजन लाल साहू एवं पदुमलाल साहू ने प्रशिक्षक के रूप में भूमिका निभाई। कार्यक्रम में लगभग 148 शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्हें बताया गया कि गांवों में जनगणना कार्य चार्ज अधिकारी के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

इस बार जनगणना में नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा भी प्रदान की गई है। इच्छुक नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने परिवार एवं मकान से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना करने वाले परिवारों को आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा। प्रगणक के घर पहुंचने पर यह आईडी साझा करने पर उनकी जानकारी का सत्यापन कर अंतिम रूप से सबमिट किया जाएगा। तहसीलदार चुम्मन लाल धुव द्वारा प्रशिक्षण की निगरानी हेतु जांच अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई थी।

# नारी वंदन हेतु बाईक रैली का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 नीव का पत्थर है नारी वंदन बिल : राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

देश के लोकसभा एवं राज्यों के विधानसभा में 33% महिला आरक्षण बिल लागू किए जाने हेतु विशेष सत्र बुलाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए शहर के विंध्यवासिनी मंदिर से नारी वंदन बाईक रैली निकली गई जिनका स्वागत पुष्प वर्षा करके भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री महेंद्र पंडित के निवास के समक्ष किया गया। नारी वंदन बिल पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश शर्मा ने कहा है देश की आधी आबादी को प्रतिनिधित्व देकर प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के परिकल्पना को सरकार करने के निर्णय का नीव का पत्थर है।

स्वागत के इस अवसर पर महेंद्र पंडित, प्रकाश शर्मा, शुभांक मिश्रा, पिंटू यादव, कुलेश सोनी, लोकेश डागा, महेंद्र खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सशिमं मंदरौद में 215 विद्यार्थियों का हुआ रक्त परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

सरस्वती शिशु मंदिर मंदरौद में 13 एवं 17 अप्रैल को स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से रक्त समूह जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 215 छात्र-छात्राओं (भैय्या-बहिनों) का रक्त समूह परीक्षण किया गया। यह शिविर सिविल अस्पताल कुरुद के बीएमओ डॉ. हेमराज देवांगन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट गायत्री साहू एवं धनराज साहू ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी विद्यार्थियों का रक्त समूह जांच किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आचार्य-दीदी तथा विवेक ज्योति शिक्षण समिति मंदरौद का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से शिविर सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ और विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ी।

# सेवा व समर्पण के प्रतीक हैं सेन समाज : कविता

■ लोहरसी में सर्व सेन समाज आमदी परिक्षेत्र द्वारा सेन जयंती समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सर्व सेन समाज आमदी परिक्षेत्र द्वारा सेन महाराज की जयंती का आयोजन ग्राम लोहरसी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता योगेश बाबर थीं। अध्यक्षता राधेश्याम सेन अध्यक्ष कोर कमेटी रायपुर ने की। समाज जनों ने भव्य कलश यात्रा निकाली जिसका ग्रामीणों ने स्वागत किया। तत्पश्चात सामाजिक भवन में कलश पूजन कर संत शिरोमणी सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

स्वागत उपरांत सभा को सम्बोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि सेन समाज का एक अपना



अलग इतिहास रहा है जो कि अपने सेवा भाव के लिए जाने जाते है और समर्पण जिनके जीवन का हिस्सा है। जिन्हें इस धरती पर मानव सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जो कि अपने धर्म संस्कृति और परंपराओं के लिए जाना जाता है। वर्तमान समय में यह समाज आज उन्नति के नये आयाम स्थापित कर रहा है । चाहे धर्म हो, राजनीति हो या प्रशासनिक व्यवस्था हो। श्रीमती बाबर ने आगे कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब शिक्षा को ग्रहण कर बुराई का त्याग करें। ऐसा करने पर उस समाज को आगे बढ़ने से कोई रोक नही सकता। श्रीमती बाबर ने समाज जनों से नशा पान से मुक्त रहने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि आज आपका समाज अपनी एकजुटता और प्रतिबद्धता व ईमानदारी के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर कमल नारायण शांडिल्य, भूपेंद्र शंकर सेन, रुद्र कुमार सेन, आशुतोष श्रीवास, नवीन सेन, दौलत राम सेन, सेवक राम सेन, ईश्वर लाल सेन, ऋतुराज सेन, राजू सेन और परिक्षेत्र के गांवों से आए हुए समाज के महिला व पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ओंकार ने प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रत्नाबांधा से मुजगहन तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को लेकर विधायक ओंकार साहू ने स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, समयसीमा एवं पेड़ों की कटाई से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

विधायक श्री साहू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी।

# हॉट बाजार एवं मड़ाई मेला व्यापारी संघ का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विकासखण्ड के समस्त हॉट बाजार एवं मड़ाई मेला व्यापारी संघ का गठन शीतला माता प्रांगण सिहावा में बैठक रखकर किया गया। जिसमें व्यापारियों ने बताया कि मड़ाई मेला के समय कई प्रकार की समस्याओं से गुजरना पड़ता है। व्यापारी भाइयों के साथ कई बार अभद्र व्यवहार एवं लड़ाई झगड़ा की स्थिति निर्मित हो जाती है ।गाली गलौज एवं उनके सामानों को भी क्षति पहुंचाया जाता है। इसी प्रकार उन्हें और कई प्रकार की समस्याओं से सामना करना पड़ता है इसी विषय पर समस्त व्यापारियों ने विचार करके संघ का गठन किया एवं समस्त पदाधिकारियों का सर्व सम्मति



से चयन किया गया। अध्यक्ष संतोष कामड़े, उपाध्यक्ष चेश्वर साहू (राजू) गिरधारी साहू, गौतम गंधर्व, शत्रुघ्न नागे, सचिव-शुभम देवांगन, सहसचिव करण देवांगन,चंद्रभान कोर्राम, संत कामड़े। कोषाध्यक्ष डोमार साहू, मीडिया प्रभारी देवेंद्र साहू एवं विजय साहू। संरक्षक लोकेश्वर साहू, लिलम्बर साहू, घनश्याम शोरी, मन्नू लावत्रे। सलाहकार डोमार निराला, भुनेश्वर देवांगन, होलेश ध्रुव, मोहित गुप्ता, नंद किशोर सोनी, सन्तोष नाग, राजू ध्रुव एवं बशीर अली बनाए गए।

# जनगणना ड्यूटी में अव्यवस्था के खिलाफ शिक्षकों का आक्रोश

■ संयुक्त शिक्षक संघ ने संस्था प्रमुख, संकुल समन्वयकों को जनगणना कार्य से मुक्त रखने तथा अक्षय तृतीया पर प्रशिक्षण स्थगन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

संयुक्त शिक्षक संघ, जिला धमतरी द्वारा जनगणना 2026-27 के अंतर्गत शिक्षकों की ड्यूटी निर्धारण के संबंध में जिला जनगणना अधिकारी, जिला कलेक्टर धमतरी को ज्ञापन सौंपा गया।

संघ जिला अध्यक्ष अमित महोबे ने बताया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयकों को भी जनगणना कार्य में लगाया गया है, जबकि इन पदों पर कार्यरत शिक्षकों के पास विद्यालय संचालन, अकादमिक व




प्रशासनिक व्यवस्था एवं शैक्षणिक कार्यों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ होती हैं। अभी सत्र का अंतिम महीना अप्रैल चल रहा है परीक्षाएं समाप्त हुई है स्कूलों में परीक्षा फल प्रगति पत्र आदि का कार्य किया जा रहा है परंतु शिक्षकों को जिस तरह साल भर प्रशिक्षण और अन्य कार्यों के नाम से विद्यालय और बच्चों से दूर रखा गया । सत्र के अंतिम समय में भी विद्यालयीन कार्य से शिक्षकों को पृथक रखा जा रहा है और हमारे उच्च अधिकारी हमसे शैक्षिक गुणवत्ता की अपेक्षा रखते हैं ।यह आप हम सभी के लिए चिंतन का विषय है कि शिक्षकों को पूरे साल अन्य अन्य कार्यों में संलग्न कर रखा जाता है तो गुणवत्ता कैसे आएगी ।

ज्ञापन के माध्यम से जिलाधीश को जनगणना कार्य से प्रधान पाठक और संकुल समन्वयकों को पृथक रखने की मांग की गई । जिस पर उन्होंने सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात कही ताकि जनगणना ड्यूटी से विद्यालयीन कार्य प्रभावित न हो।

इसके अतिरिक्त संघ ने यह भी बताया कि दिनांक 19 एवं 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जनगणना प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। यह दिन धार्मिक एवं पारिवारिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, जिसमें विभिन्न पारंपरिक कार्यक्रम संपन्न होते हैं। अतः उक्त तिथियों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाना शिक्षकों के लिए असुविधाजनक है।

ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से शामिल शिक्षक दीपक सहारे जिला मीडिया, शेषनारायण गजेंद्र जिला सचिव, नोमेश साहू, रमेश देवांगन, नीलमणि बोदले आदि हैं।

# अंबेडकर भारत के सामाजिक न्याय के महान योद्धा थे : प्रो. जयराम

■ सुखराम नागे महाविद्यालय में बाबा साहेब की जयंती पर हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में डा भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर इतिहास, समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक न्याय पर गहन चर्चा हुई। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में किया गया।



प्रो. हितेशानंद ठाकुर ने अंबेडकर जी द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। डा अंबेडकर ने स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में हिंदू पर्सनल लॉ में क्रांतिकारी सुधार लाने के लिए बिल तैयार किया। बाद में इसे अलग-अलग कानून के रूप में लागू किया गया, जो आज भी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करते हैं।

प्रो. जयराम कुर्रे ने कहा कि डा अम्बेडकर केवल दलितों के नेता नहीं थे, बल्कि पूरे भारत के सामाजिक न्याय के महान योद्धा थे। प्रो. आरआर मेहरा ने संविधान निर्माण और सामाजिक न्याय की अवधारणा में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। अतिथि व्याख्याता प्रमोद चौरे ने डा. अम्बेडकर की शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित किया।

प्रो. लोकेश्वरी राठिया ने कहा कि आज जो महिलाएं घर से बाहर निकलकर नौकरी कर रही हैं और समान वेतन प्राप्त कर रही हैं, वह सब डा. अम्बेडकर जी की ही देन है। डा. संध्या रजनी मिश्रा ने डा. अम्बेडकर के प्रारंभिक संघर्ष पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता सौरज द्वारा किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोंडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# धमतरी में दूसरे दिन भी चला मेगा सफाई अभियान, नालों की हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर को जलभराव से बचाने और स्वच्छता के मानकों को मजबूत करने के लिए नगर निगम ने सफाई अभियान को पूरी ताकत के साथ जारी रखा है। अभियान के दूसरे दिन भी शहर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किए गए। जमातखाना लाइन, परशुराम चौक, सोरिद क्षेत्र सहित कई वार्डों और गलियों में विशेष साफ-सफाई कराई गई।

निगम सभापति कौशिल्या देवांगन और स्वास्थ्य सभापति नीलेश लूनिया के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान में निगम का अमला पूरी सक्रियता के साथ मैदान में डटा हुआ है। बड़े नालों से लेकर छोटी नालियों तक सफाई का काम तेज गति से किया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान कहीं भी पानी जमा न हो।

शहर के प्रमुख नालों में मशीनों के माध्यम से जमी गाद, कचरा और झाड़-झंखाड़ को हटाया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा उपकरणों के साथ नालों में उतरकर काम किया जा रहा है, जिससे कार्य सुरक्षित और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। वहीं नालों के ऊपर और आसपास उगी झाड़ियों को भी हटाकर पानी के प्रवाह को सुचारू बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

**बरसात से पहले निगम का बड़ा एक्शन**





निगम प्रशासन ने इस बार पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। छोटी नालियों को बड़े नालों से जोड़ने का कार्य भी तेजी से चल रहा है, ताकि वर्षा जल की निकासी बिना रुकावट के हो सके। सड़कों के किनारे जमा कचरे को नियमित रूप से उठाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया जा रहा है, जिससे नालियों में कचरा जाने की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सके।

स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों, सुपरवाइजरों और स्वच्छता दीदियों के साथ बैठक कर कार्ययोजना को और प्रभावी बनाया गया है। इसके साथ ही कचरा पृथक्करण, पॉलीथिन प्रतिबंध और जनजागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

स्वास्थ्य सभापति नीलेश लूनिया ने कहा कि सफाई को जन आंदोलन का रूप देना आवश्यक है। निगम अपने स्तर पर पूरी मेहनत कर रहा है, लेकिन शहरवासियों के सहयोग के बिना स्वच्छता का लक्ष्य अधूरा रहेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे कचरा निर्धारित स्थान पर ही दें और प्लास्टिक का उपयोग कम करें।

## खबर संक्षेप

### नगरी की भाजपा नेत्री ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर साधा निशाना

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री प्रेमलता नागवंशी ने



नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का रुख महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर स्पष्ट नहीं है। प्रेमलता ने अपने बयान में कहा कि वर्ष 2023 में संसद में पारित यह विधेयक महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका कहना है कि वर्तमान समय में कांग्रेस द्वारा इस मुद्दे पर उठाए जा रहे सवाल उसकी नीति और नीयत पर प्रश्न खड़े करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की "आधी आबादी" को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से लाया गया यह कानून महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास है। प्रेमलता के अनुसार, इस विषय पर राजनीतिक मतभेद महिलाओं के हितों के विपरीत हैं। भाजपा नेत्री ने राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे महिला सशक्तिकरण की बात तो करते हैं, लेकिन इस मुद्दे पर उनका रुख विरोधाभासी नजर आता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की महिलाएं इस विषय पर राजनीतिक दलों के रुख को गंभीरता से देख रही हैं। प्रेमलता ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह विधेयक उसी दिशा में एक अहम कदम है।

### ताराचंद साहू बने प्रचार प्रसार मंत्री

**धमतरी।** शास.अर्ध.शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ



पंजीयन-16105/08 छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू जनसंपर्क विभाग धमतरी को संघ के प्रति समर्पित एवं कर्मचारियों के हित में उनके कार्यशैली को देखते हुवे छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के द्वारा ताराचंद साहू को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का प्रांतीय प्रचार प्रसार मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। फेडरेशन में श्री साहू को पद मिलने पर धमतरी जिला के शासकीय वाहन चालक के साथ साथ पूरे प्रदेश के शासकीय वाहन चालकों में खुशी व्याप्त है और उनका मानना है कि फेडरेशन के साथ मिलकर उनके प्रदेश अध्यक्ष अपने साथियों के हित में और भी लगन से कार्य करेंगे। बधाई देने वाले वाहन चालक अध्यक्ष अजेश नागवंशी एवं गौकरण साहू, वाहिद खान,विष्णु कश्यप,भूपेन्द्र साहू,श्याम लाल साहू, प्रेमेन्द्र सिन्हा एवं अन्य कर्मचारी शामिल है।

### अंवरी में बाबा साहेब को किया याद

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में संविधान निर्माता, समाज सुधारक, भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विनय पटेला, टिकेश्वर कुमार, विनय कुमार, चेतन कुमार, अरुण, भोज लहरे, जितेश जांगड़े, प्रिंस पटेला, सरताज पटेला, अरविंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

रेत माफियाओं के हौसले बुलंद

# करोड़ों का जुर्माना भी बेअसर महानदी में अवैध उत्खनन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में अवैध रेत उत्खनन का काला कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन की ओर से लगातार की जा रही सख्ती और भारी-भरकम जुर्माने के बावजूद रेत माफिया नए-नए तरीकों से नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। हाल ही में खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई ने इस सिंडिकेट के बड़े खेल का पर्दाफाश किया है, जिसमें करोड़ों रुपये के आर्थिक दंड के साथ भारी मशीनों की जब्ती भी शामिल है।

प्रशासन की हालिया कार्रवाई में ग्राम झुरानवागांव में अवैध रेत



परिवहन करते हुए 8 हाईवा वाहनों को जब्त किया गया है। इसी तरह मगरलोड तहसील के ग्राम खट्टी में अवैध उत्खनन में लगी एक विशाल चेनमाउंटेन मशीन को भी कब्जे में लिया गया। इन सभी मामलों में खनन एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो अवैध उत्खनन की भयावहता साफ नजर आती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 361 प्रकरण दर्ज किए गए थे, जिनसे 1.84 करोड़ रुपये से अधिक का अर्थदंड वसूला गया। वहीं, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक दर्ज प्रकरणों की संख्या बढ़कर 434 हो चुकी है, जिसमें 1.30 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की जा चुकी है। ये बढ़ते हुए आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि अवैध उत्खनन का नेटवर्क जिले में कितना गहरा और संगठित है।

हालाँकि प्रशासन ने निगरानी के लिए उड़नदस्ता दल को सक्रिय कर रखा है, लेकिन माफियाओं का सूचना तंत्र अक्सर कार्रवाई पर भारी पड़ता दिखाई देता है। बार-बार सामने आ रहे ये मामले संकेत देते हैं कि केवल आर्थिक दंड से इस संगठित अपराध पर लगाम लगाना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में लिप्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ भारी आर्थिक दंड जारी रहेगा। फिलहाल कार्रवाई तो जारी है, लेकिन जनमानस में यह सवाल बरकरार है कि क्या इन सख्त कदमों से रेत के इस अवैध खेल पर पूर्णविराम लग पाएगा?

## राहगीरों व ग्रामीणों को मिल रहा शीतल जल



- जीजामगांव में हुआ कई विकासकार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम पंचायत भवन और गांव के मुख्य चौक में वाटर कूलर लगने से लोगों को राहत मिली है। भीषण गर्मी में उन्हें शीतल जल मिल रहा है। इसके अतिरिक्त कई विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण का किया गया।

जीजामगांव में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुनील गायकवाड़ ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से क्षेत्र का विकास अधिक सुगम और गतिशीलता के साथ हो रहा है । क्षेत्र के विकास पुरुष अजय चंद्राकर के प्रयासों से कुरुद विधानसभा क्षेत्र के हर ग्राम में विकास कार्य निरंतर प्रगति पर है साथ ही केंद्र एवं राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर किया जा रहा है, जनपद सदस्य श्रीमती गंगा साहू ने कहा कि भीषण गर्मी में वाटर कूलर लोगों की प्यास बुझाएगी। सरपंच देवचरण चंद्राकर ने वाटर कूलर लोकार्पण के अवसर पर वाटर कूलर के आस पास गंदगी नही करने की अपील की। उन्होंने बताया कि ग्राम के मुख्य चौक बाजार चौक एवं ग्राम पंचायत परिसर में वाटर कूलर लगाकर लगने से लोगों को राहत मिली है। पेयजल व निस्तरी के लिए पानी की समस्या ना हो उसके लिए पंचायत के सदस्य जुटे हुए हैं। तालाबों में निस्तारी के लिए पानी भरा जा रहा है।

## जनगणना ड्यूटी एवं प्रशिक्षण के मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला शाखा धमतरी की एक प्रतिनिधि मंडल ने 16 अप्रैल को जिला जनगणना नोडल प्रभारी श्री मरकाम, डीईओ अभय जायसवाल एवं डीईओ श्री चौधरी से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकार, ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी गेवाराम नेताम के नेतृत्व में मुलाकात कर अपनी चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। मांगों में प्रमुख रूप से जनगणना कार्य हेतु प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के संस्था प्रमुख प्रधान पाठक गण की भी ड्यूटी लगाई गई है जबकि शालाओं में पर्याप्त संख्या में सहायक शिक्षक एवं शिक्षक संवर्ग कार्यरत हैं। विभिन्न दायित्वों के निर्वहन प्रधान पाठक संवर्ग को करना होता है, अतः उनको मुक्त किया जावे। अक्षय तृतीया दिनांक 20 अप्रैल के दिन भी जनगणना प्रशिक्षण रखा गया है जिसको स्थगित कर अन्य दिवस रखा जावे ।अभी संचालित प्रशिक्षण में भीषण गर्मी को देखते हुए कूलर, पंखे,



पेयजल, भोजन की समुचित व्यवस्था की जावे। कर्मचारियों की ड्यूटी उनके कार्य क्षेत्र में ही लगाने संबंधित मांगों को प्रमुखता से रखकर चर्चा किया गया एवं निराकरण की मांग की गई। जिस पर जिला नोडल अधिकारी द्वारा कुछ प्रकरण में तकनीकी रुकावट आने संबंधित एवं यथा संभव प्रकरण पर कार्यवाही करने का भरोसा दिया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल सौंपे गए ज्ञापन की प्रति के आधार पर आयुक्त नगर निगम धमतरी एवं कलेक्टर को इसके लिए उचित कार्यवाही हेतु पत्राचार किया। साथ में पूर्व के ज्ञापन के बिंदु टेट उत्तीर्ण शिक्षकों के योग्यता को सर्विस बुक में इंद्राज करने के संबंध में अवगत कराया गया कि उच्च कार्यालय के दिशा निर्देश के अनुरूप में कार्यवाही की जावेगी। बीईओ धमतरी चौधरी से भी संगठन के पदाधिकारीगण द्वारा मुलाकात कर संस्था प्रमुख गण को उक्त दायित्व से विभिन्न प्रकार के कार्यों के कारण से मुक्त करने की मांग की गई। जिस पर सर द्वारा संगठन की मांग को आधार पर आयुक्त नगर निकाय धमतरी, सीएमओ आमदी नगर पंचायत एवं धमतरी, कुकरेल,भखारा तहसीलदार को इस हेतु पत्राचार किया गया। इस दौरान धमतरी ब्लॉक सचिव हरीश कुमार साहू, पदाधिकारी रूपेश कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता संग शिक्षा का संदेश, बच्चों को मिले उपहार




- दुग्गड परिवार की पहल, स्कूल में हुआ सामाजिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के भर्री पारा स्थित प्राथमिक शाला में सीए सुनील दुग्गड परिवार द्वारा विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता जागरूकता के साथ उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम ने बच्चों में उत्साह के साथ-साथ सीखने की नई ऊर्जा भी भर दी।

गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और साफ-सफाई के महत्व के बारे में बताया गया। छात्रों को एक-एक कर मंच पर बुलाकर तौलिया, टूथपेस्ट, साबुन, तेल , कंघी और फेस क्रीम जैसे दैनिक उपयोग के सामान वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य केवल उपहार देना नहीं, बल्कि बच्चों में स्वच्छ जीवनशैली अपनाने और नियमित रूप से विद्यालय आने की प्रेरणा देना रहा। कार्यक्रम का संचालन गौरव लोहान ने किया। स्कूल परिवार ने दुग्गड परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। इस अवसर पर श्रीमती सुनील दुग्गड, श्रीमती नीता सुनील दुग्गड, अभिषेक दुग्गड, श्रीमती श्रुति अभिषेक दुग्गड एवं प्रार्थना दुग्गड उपस्थित थे।

## मेनोनाईट स्कूल के आरव साहू राज्य स्तरीय स्केटिंग मेराथन में तृतीय स्थान पर रहे




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रायपुर में राज्य स्तरीय स्केटिंग मेराथन 2026 टूर्नामेंट का आयोजन किया गया,जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिलों के खिलाड़ियों की सहभागिता रही।

यह टूर्नामेंट अलग-अलग आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं हेतु आयोजित हुई, जिसमें आरव साहू पिता- चंद्रशेखर साहू मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी की कक्षा तीसरी के छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अविस्मरणीय सफलता प्राप्त की। प्रतियोगिता में सैकड़ों खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए आरव ने अपने हुनर और कड़ी मेहनत का लोहा पूरे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के सामने मनवाया और 8 -10 आयु वर्ग में 3 किमी स्केटिंग कर पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए अपने परिवार के साथ-साथ शाला परिवार को भी गौरवान्वित किया।

इस अविस्मरणीय सफलता हेतु शाला प्रबंधन समिति के चेयरमैन एम. के. मसीह एवं शाला के प्राचार्य स्टीव लाल ने आरव को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कृषक निर्मलदास "सद्गुरु कबीर ज्ञान रत्न अवार्ड" से सम्मानित

**कुरुद।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ग्राम नवागांव तहसील कुरुद के कृषक एवं समाजसेवी निर्मलदास मानिकपुरी को उनके उत्कृष्ट कृषि कार्यों और सामाजिक योगदान के लिए सद्गुरु कबीर ज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। गोंडवाना भवन धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई द्वारा प्रदान किया गया।

### भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

**धमतरी।** गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत रविवार को रिसाईपारा पूर्व वार्ड में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में नागरिकों तक पहुंचाई। कई स्थानों पर नागरिकों ने अपनी समस्याएं भी बताईं, जिन्हें कार्यकर्ताओं ने गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठ कार्यकर्ता भूपेंद्र मिश्रा, रत्ना मिश्रा, विद्याशंकर दीवान, डॉ खेमचंद भोजवानी, यशवंत सोनी, पार्वती वाधवानी का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया।

गुणवत्तापूर्ण सरकारी स्कूल खोलने की मांग

# निजी स्कूलों में मनमानी फीस वृद्धि की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्राइवेट स्कूलों में मनमाने फीस वृद्धि को रोकने तथा सरकारी स्कूल खोलने की मांग नगरवासियों ने कलेक्टर से की है। सामाजिक कार्यकर्ता शिवा प्रधान, मोहनी साहू, महेश साहू, रीतु प्रधान ने शुक्रवार को कलेक्टर से मुलाकात कर आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें कहा गया है कि जिले के निजी विद्यालय लगातार फीस में मनमानी वृद्धि कर रहे हैं। इससे आम जनता विशेषकर मध्यम एवं गरीब वर्ग के अभिभावकों पर अत्याधिक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई स्कूल बिना किसी स्पष्ट नियम या सरकारी दिशा निर्देशों के फीस बढ़ा रहे



है। जिससे अभिभावकों को मजबूरी में अपने बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस विषय में प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा है कि जिले में पर्याप्त संख्या में गुणवत्तापूर्ण सरकारी स्कूलों का अभाव है। यही वजह है कि लोगों को मजबूरी में निजी स्कूलों का सहारा लेना पड़ता है।

शिव प्रधान, मोहनी साहू ने चार सूत्रीय मांग पत्र में कहा है कि निजी विद्यालयों में फीस वृद्धि की जांचकर नियंत्रण के लिए सख्त नियम लागू करने, फीस निर्धारण के लिए न्यायसंगत और पारदर्शी नीति बनाई जाए। जिले में नए सरकारी स्कूल खोलने एवं मौजूदा स्कूलों के गुणवत्ता में सुधार करने, अभिभावकों के शिकायतों के समाधान के लिए प्रभावी तंत्र स्थापित करने तथा हर वर्ष नई कक्षा में प्रवेश पर प्रवेश शुल्क पर रोक लगाने की मांग की है।







